कम्प्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

आलाप न्यूज

सरायपाली। स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा के अध्ययन से बाहर ले जाकर विज्ञान और तकनीक के व्यावहारिक पक्ष से परिचित कराना था।

इस अवसर पर कम्प्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने ओडिशा राज्य के बरगढ़ स्थित साइंस सेंटर का भ्रमण किया। साइंस सेंटर में विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न स्वचालित मॉडल एवं जीवंत मॉडल का अवलोकन किया। यहां प्रदर्शित मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता और उसके विभिन्न अनुप्रयोगों की जानकारी मिली। भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी से जुड़े प्रयोगात्मक मॉडल विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने इन मॉडलों को नजदीक से देखकर वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल और रोचक तरीके से समझा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि किस प्रकार विज्ञान और कंप्यूटर तकनीक के समन्वय से



आधुनिक जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाया जा रहा है। साइंस सेंटर में उपलब्ध इंटरएक्टिव प्रदर्शनों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को बढ़ाया और उन्हें प्रश्न पूछने तथा स्वयं प्रयोग कर सीखने का अवसर प्रदान किया। शैक्षणिक भ्रमण के अगले चरण में विद्यार्थियों ने बरगढ़ के निकट स्थित बारह बखारा जलप्रपात का भी भ्रमण किया। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस स्थल पर विद्यार्थियों ने प्रकृति के विभिन्न रूपों को देखा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को मानसिक ताजगी प्रदान करने के साथ-साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी।

भ्रमण में कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष अंकित यदु, अशोक दास (सहायक ग्रेड-3), आनंद जायसवाल एवं ज्योति सिदार (सहायक प्राध्यापक, कम्प्यूटर साइंस) की उपस्थिति रही। साथ ही डीसीए एवं पीजीडीसीए पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी भी इस शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और स्मरणीय बताया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर उप तहसील खोरपा

मामले की क्षेम्सीलदार असक्पुर जिला- रायपुर (छ.ग.) न्यायालय अतिविस
संदर्भ: जिला रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.न.-00009 खोरपा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526441628700013

ईश्तहार

तहसील अभनपुर के प.ह.न.

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner